www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 28 फरवरी 2026

सुविचार



धर्म एक बहुत ही व्यापक और विस्तृत विचार है, जो समाज को बनाए रखने के सभी पहलुओं से संबंधित है।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- चेकिंग देख दौड़ाई कार पुलिसकर्मियों को कुचला II
- प्राथमिकता से सत्यापित करें चरित्र प्रमाणपत्र III
- जिलाधिकारी ने की बोर्ड परीक्षाओं की लाइव मॉनिटरिंग IV



रमजान का 10वां दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:10 | सुन्नी : 6:09 |
| शिया : 5:00 | शिया : 6:19 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- एसजीपीजीआई के नवीन पुस्तकालय भवन में स्थित डीके छाबड़ा सभागार में कॉर्निया दान और प्रत्यारोपण की स्थिति पर संवाद- 8:00 बजे से।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कमाल प्राविधिक विश्वविद्यालय में सविष्कार में विश्वविद्यालयों के छात्र स्टार्टअप का प्रदर्शन करेंगे- 10:30 बजे से।
- होटल क्लार्क्स अवध में एयरवे मैनेजमेंट में एआई एवं सिमुलेशन की भूमिका विषय पर कार्यशाला- 11:00 बजे से।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रानी लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह- 11:00 बजे से।
- नेशनल पीजी कॉलेज में इतिहासा में छात्र-छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति- 12 : 00 बजे।
- चिनहट के सनातन धाम लॉन में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से महर्षि दयानन्द सरस्वती जंयती सांस्कृतिक समारोह- 1:00 बजे से।
- चिनहट के सनातन धाम लॉन में ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से विशेष मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी- 3:00 बजे से।
- महर्षि इंफार्मेशन तकनीकी विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम- 6:00 बजे से।
- हनुमंत धाम मंदिर परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार और भारतीय नव वर्ष महोत्सव समिति न्यास के तत्वाधान में भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ का आयोजन -6:30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# लखनऊ से गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनों में नो रूम

## होली से पहले ही दिल्ली, मुंबई, पंजाब से बिहार, पश्चिम बंगाल जाने वाले नियमित और स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली से पहले ही दिल्ली, मुंबई, पंजाब, जम्मू व मध्य प्रदेश से लखनऊ होकर बिहार, कोलकाता जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त है। नियमित ही नहीं होली स्पेशल ट्रेनों तक में सीटें खाली नहीं हैं। 28 फरवरी के बाद ज्यादातर ट्रेनों में तो नो रूम की स्थिति है।

दिल्ली से बिहार जाने वाली 32 नियमित और सात होली स्पेशल ट्रेनें लखनऊ से गुजरती हैं। इनमें किसी भी ट्रेन में किसी में भी सीट उपलब्ध नहीं है। लखनऊ मेल, फरक्का, गोरखधाम, वैशाली, श्रमजीवी और बिहार संपर्क क्रांति जैसी प्रमुख ट्रेनों में रिग्रेट की स्थिति है। न्यू दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में सेकेंड एसी में रिग्रेट और थर्ड एसी में 268 वेटिंग चल रही है।

वंदे भारत एक्सप्रेस के चेयरकार में 144 वेटिंग है। तेजस एक्सप्रेस के तत्काल कोटे में 200 और गोरखपुर-आनंद विहार स्पेशल में थर्ड एसी में 605 तक वेटिंग है।

### मुंबई रूट पर भी सीटों का टोटा

- मुंबई से लखनऊ होकर गोरखपुर व बिहार जाने वाली कुशीनगर समेत सात नियमित समेत सभी नौ ट्रेन फुल हैं। एलटीटी-भटनी, बांद्रा-लखनऊ और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-गोरखपुर स्पेशल में भी प्रतीक्षा सूची लगातार बढ़ रही है। पुष्पक में भी लंबी वेटिंग है।

### जम्मू-पंजाब रूट की ट्रेनों में रिग्रेट

- जम्मू और पंजाब से वाया लखनऊ बिहार व कोलकाता जाने वाली ट्रेनों में भी जगह नहीं है। अमृतसर-हावड़ा और बेगमपुरा समेत कई ट्रेनों में वेटिंग लंबी है। यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है, जिससे त्योहार से पहले रेल व्यवस्था पर दबाव साफ नजर आ रहा है।

## 42 दिन होगी कानपुर पुल की मरम्मत, 56 ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

- कानपुर-लखनऊ मेमू समेत 14 ट्रेनें की गईं निरस्त
- लखनऊ तक आने वाले 10 ट्रेनें कानपुर से ही लौटेंगी
- 2 मार्च से 13 अप्रैल तक बाधित रहेगा ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर रेलखंड पर कानपुर पुल पर मरम्मत का कार्य के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल प्रशासन ने 2 मार्च से 13 अप्रैल तक मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक घोषित किया है। इसके चलते 42 दिनों तक सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक कुल 56 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा।

सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 64701/02 झांसी-लखनऊ-झांसी मेमू, 54153/44 कानपुर-रायबरेली पैसेंजर, 64212 कानपुर-लखनऊ मेमू, 64255 उतरेटिया-कानपुर मेमू, 54101/02 प्रयागराज-कानपुर पैसेंजर, 54325/26 सीतापुर-कानपुर पैसेंजर, 55345 लखनऊ-कासगंज पैसेंजर, 64203 व 64214 लखनऊ-कानपुर मेमू समेत 14 ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसके अलावा लखनऊ तक आने-जाने वाली 10 ट्रेनें कानपुर से ही संचालित की जाएंगी। इनमें 12179/80 आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी, 12103/04 पुणे-लखनऊ एक्सप्रेस, 22121/22 लखनऊ-एलटीटी एक्सप्रेस और 11109/10 झांसी-लखनऊ इंटरसिटी ट्रेनें शामिल हैं। 54335/36 बालामऊ-कानपुर पैसेंजर उन्नाव तक ही चलेगी। 12107 एलटीटी-सीतापुर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से 210 मिनट की देरी से रवाना होगी।

इसके अलावा नई दिल्ली-लखनऊ जंक्शन शताब्दी एक्सप्रेस, आनंदविहार-अयोध्या वंदे भारत, बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, कविगुरु एक्सप्रेस और बांद्रा-लखनऊ एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलाई जाएंगी और कानपुर नहीं आएंगी। कई लंबी दूरी की ट्रेनें लखनऊ मार्ग से नहीं गुजरेंगी, जिनमें आगरा कैंट-कोलकाता एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस और अंत्योदय एक्सप्रेस सहित 20 ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

## अब होली बाद लांच होगी आईटी सिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी की शनिवार को होने वाली लांचिंग स्थगित कर दी है। अब होली बाद योजना लांच करके किसानों को लॉटरी से भूखंड आवंटित किए जाएंगे। 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लाइब्रेरी हॉल में किसानों को लॉटरी से भूखंड आवंटित करके योजना लांच करने का कार्यक्रम तय था। जो किसी कारण शुक्रवार देर शाम स्थगित कर दिया गया है।

- 28 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लॉटरी से होना था भूखंड आवंटन

सबसे पहले योजना में निशुल्क जमीन देने वाले किसानों को इसी योजना में 25 फीसद विकसित जमीन दी जानी है। 1 से 13 सेक्टर लांच होने हैं। जो अब होली बाद किए जाएंगे। इससे पहले 28 फरवरी को होने वाला ग्रीन कॉरिडोर और विवेक खंड में लक्ष्मण मंडमप् का उद्घाटन भी स्थगित किया गया था।



होली के लिए दुकानों पर सजीं पिचकारी और मुखौटे बच्चों को ललचाने लगे हैं। शुक्रवार को भूतनाथ मार्केट में लगी रंग, पिचकारियों और मुखौटों की दुकान पर एक बालिका अपने अभिभावक के साथ पहुंची। दुकान पर टंगे तरह-तरह के मुखौटों को वह बारी-बारी से छूकर देखती रही, हर मुखौटा उसे आकर्षिक कर रहा था, लेकिन लेना एक ही था। अंत में अभिभावक ने उससे कहा कि कोई एक पसंद करो, तो वह कुछ मायूस सी हो गई, फिर दो मुखौटे पसंद किए और लेकर चली गई। - अमृत विचार

# डॉक्टर रमीज के खिलाफ 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

केजीएमयू कांड

- सात धाराओं का किया गया जिक्र, माता-पिता और सहयोगी का भी नाम
- दो युवतियों से दुष्कर्म, गर्भपात, धर्मांतरण के आरोप वीडियो भी साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केजीएमयू की महिला जूनियर रेजिडेंट से दुष्कर्म, गर्भपात और धर्मांतरण के मामले में चौक पुलिस ने मुख्य आरोपी डा. रमीजुद्दीन नायक, उसके माता-पिता व सहयोगी के खिलाफ 800 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में पुलिस ने कई अहम तथ्य शामिल किये हैं। जिसमें बताया कि रमीजुउद्दीन मददगार बनकर युवतियों को फंसाता था। उसके पास से बरामद तीन लैपटॉप से चार हजार जीबी डाटा मिला, जिसमें पांच सौ से अधिक अश्लील वीडियो और तस्वीरें बरामद हुई हैं।

पैथोलाजी विभाग में तैनात डॉक्टर रमीजुद्दीन पर महिला रेजिडेंट ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण और धर्मांतरण का आरोप लगाया था। धर्मांतरण न करने पर रमीज ने शादी से इनकार कर दिया था, जिससे त्रस्त होकर पीड़िता ने खुदकुशी की कोशिश की थी। पीड़िता की तहरीर पर चौक कोतवाली में पुलिस ने रमीज के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गर्भपात कराने, धमकी देने, धर्मांतरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। 9 जनवरी को चौक पुलिस ने रमीज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उससे दो दिन पहले माता-पिता को जेल भेजा गया था।

जांच में सामने आया कि आरोपी रमीजुद्दीन पहले तो मददगार बताकर पीड़िताओं का विश्वास जीता और फिर उन्हें अपने जाल में फंसाता था। आरोपी आर्थिक मदद और करियर में सहयोग का भरोसा देकर करीबियां बढ़ाता था।

इसके बाद संबंध बनाकर अश्लील वीडियो तैयार करता और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दबाव बनाता था। आरोप है कि इसी दबाव में दो युवतियों के साथ दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और धर्मांतरण की घटनाएं हुईं, जिनकी पुष्टि साक्ष्यों से हुई है। चौक पुलिस ने दाखिल चार्जशीट में डा. रमीजुद्दीन के साथ उसके पिता सलीमुद्दीन, मां खतीजा और निकाह में गवाह बने शारिक खान को भी आरोपी बनाया है।

### पैरवी के चलते एक माह में आई एफएसएल रिपोर्ट



डॉ. रमीज

- चौक पुलिस ने डिजिटल उपकरणों को जब्त कर फॉरेंसिक लैब भेजा था। कई रिमाइंडर और अनुरोध करने के बाद जांच हुई और एक माह के अंदर रिपोर्ट आ गयी। पुलिस ने चार्जशीट में एफएसएल की जांच रिपोर्ट को भी शामिल किया है। पुलिस का कहना है कि डिजिटल साक्ष्य, पीड़िताओं के बयान और मेडिकल रिपोर्ट को आधार बनाकर सात धाराओं में आरोप तय किए गए हैं, जिनमें दुष्कर्म, जबरन नशीला पदार्थ पिलाना, गर्भपात और मतांतरण समेत अन्य धाराएं शामिल की गई है।

## सीआरएस पोर्टल ठप, नहीं बने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के अस्पतालों और नगर निगम के जोन कार्यालयों में शुक्रवार को सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) पोर्टल ठप होने से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन सके। 500 से अधिक प्रमाण पत्रों का पंजीकरण नहीं हो सका। वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन) पहुंचे शैलेंद्र ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए थे। एक घंटा इंतजार करने के बाद भी पोर्टल नहीं चला। अस्पताल प्रशासन ने काउंटर पर नोटिस चस्पा कर दिया कि सीआरएस पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण आज प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा सकेंगे। डफरिन की प्रमुख अधीक्षिका डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने पुष्टि की कि पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके।



काउंटर के बाहर चस्पा सूचना।

## सिटी ब्रीफ

### लोहिया संस्थान के निदेशक फेलोशिप से सम्मानित



डॉ. सीएम सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह को सिलवासा स्थित नमो मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित समारोह में इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (एफआईएएसएम) की फेलोशिप से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य, निवारक चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने एक वैज्ञानिक सत्र में अध्यक्ष-निर्णायक के रूप में भी भूमिका निभाई।

### अतिक्रमण हटाकर जब्त किया सामान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को नगर निगम ने अभियान चलाया। जोन-7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में आजाद मार्केट सी-ब्लॉक, विधायक जी वाली रोड, कुकरैल बंधा शक्तिनगर क्षेत्र तथा जेए धर्म कांटा कल्याणपुर के आसपास सड़कों एवं नाली-नालों की दोनों पट्टियां अतिक्रमण मुक्त कराई। अभियान के दौरान ठेलियां, तराजू, टेबल, कुर्सियां व लोहे का काउंटर जब्त किया। दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान अधीक्षक विनय मौर्य, ईटीएफ टीम तथा टीम-296 की उपस्थिति रही।

घर का स्वाद | स्वयं सहायता समूह की महिलाएं होली से संबंधी उत्पादकों की बिक्री के लिए सरकारी कार्यालयों में 28 से लगाएंगी स्टॉल

# स्वाद के साथ सेहत का ख्याल रखेंगे तिन्नी पसई चावल के पापड़-कचरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- त्योहार के साथ व्रत भी करें सेवन, पोषक तत्व भी भरपूर

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूह के तिन्नी पसई चावल से बने पापड़-कचरी होली पर स्वाद के साथ सेहत का भी ख्याल रखेंगे। हाथ से बने ये पापड़-कचरी केमिकल मुक्त हैं, इन्हें व्रत में भी खा सकते हैं। विशेष पैकिंग वाले इन पापड़-कचरी की बिक्री 28 फरवरी से सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाकर की जाएगी।

मिशन के निर्देश पर मां शिवधात्री समूह चिनहट की महिलाओं ने तिन्नी पसई चावल के पापड़ और कचरी तैयार किए हैं। पहाड़ी क्षेत्र के इस चावल को पसई चावल भी कहते हैं। इसमें आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट का प्राकृतिक स्रोत होता है। ग्लूटेन-मुक्त होने के साथ लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला ये चावल शुगर मरीजों के लिए वरदान है। हड्डियों को मजबूत बनाता है।

इस चावल से बने खाद्य पदार्थ त्योहार के साथ व्रत में भी खाए जाते हैं। समूह की महिलाओं ने आचार, चाट मसाला, पूजन सामग्री आदि भी बनाई है।

### पापड़-कचरी की कीमत

(रुपये प्रति किलो)

- फुटकर - 350-400
- थोक - 300-350
- 100 ग्राम - 60



मां शिवधात्री समूह के द्वारा बनाए गए पापड़-कचरी।

### आगरा, दिल्ली व कानपुर जाएगा पापड़-कचरी

- समूह की अध्यक्ष सुषमा साहू ने बताया कि दो-दो क्विंटल पापड़-कचरी की मांग है। इसमें 50 फीसद तक तैयार करके पैकिंग कर ली है। ये आगरा, दिल्ली और कानपुर जाएगा। समूह का गोमती नगर के हुसड़िया में अवनि रिटेल स्टोर संचालित है यहां भी बिक्री करेंगे। इसके अलावा 28 फरवरी से सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाएंगे। समूह में शामिल 12 महिलाओं को इससे रोजगार मिला है।

# ओल्ड नूरबाड़ी बिजली उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन झुलसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ओल्ड नूरबाड़ी विद्युत उपकेंद्र पर शुक्रवार दोपहर एक और बड़ा हादसा हो गया। डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पर काम करते समय संविदा लाइनमैन कल्लू गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांडेय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे कल्लू डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने से वह करंट की चपेट में आ गए। हादसे में कल्लू का चेहरा, हाथ और सीना झुलस गया। मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया। पांडेय ने बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्सों में एक फेस से दूसरे फेस की पटिया के बीच काफी कम जगह होती है, जिससे काम करने में भारी दिक्कत होती है और हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने घायल कर्मचारी के समुचित और निःशुल्क उपचार कराए जाने के साथ डिस्ट्रीब्यूशन बाक्सों में एक फेस से दूसरे फेस कि गैप की जांच कराकर एक फेस से दूसरे फेस के बीच गैप को बढ़ाया जाने की मांग की। 21 फरवरी को भी इसी उपकेंद्र पर तैनात संविदा लाइनमैन हैदर डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पर काम करते समय झुलस गए थे।



लाइनमैन कल्लू

# चेकिंग देख दौड़ाई कार पुलिसकर्मियों को कुचला

## दरोगा व दीवान अस्पताल में भर्ती, टूटा पैर, सिर व शरीर पर चोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दरोगा ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज
- सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित कालिका हवेली रेस्टोरेंट के पास देर रात चेकिंग के दौरान 100 किमी की रफ्तार में फर्राटा भर रही कार ने पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दरोगा और दीवान कई फीट हवा में उछलकर दूर जा गिरे। घायल पुलिसकर्मियों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। घायल दरोगा ने गोमतीनगर थाने में अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही कार को चिन्हित कर चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मूल रूप से देवरिया निवासी उपनिरीक्षक आनंद कुमार यादव गोमतीनगर थाने में तैनात हैं। 25 जनवरी की रात दीवान सुरजीत प्रताप सिंह के साथ पॉलीगान 204 को लेकर गश्त कर रहा था। करीब 1:15 बजे वे कालिका हवेली रेस्टोरेंट के पास वाहन चेकिंग करने लगे। इसी दौरान करीब 100 किमी की रफ्तार में फर्राटा भर रही कार को आता देख पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया।

चालक ने रफ्तार कम करने के बजाए गति और बढ़ा दी। इसी दौरान बेकाबू कार ने दोनों पुलिसकर्मियों को तेज टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पुलिसकर्मी कई फीट उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। कार रोकने के बजाए चालक वहां से गाड़ी लेकर भाग निकला। तेज आवाज सुनकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। पास पहुंचे तो दोनों पुलिसकर्मी खून से लथपथ दर्द से कराह रहे थे।

राहगीरों ने डॉयल-112 व एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पुलिसकर्मियों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में उपनिरीक्षक आनंद के पैर टूट गए। सिर व शरीर पर कई जगह चोंटे आयी हैं। दीवान सुरजीत भी बुरी तरह घायल हो गयी। घटना में उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल उपनिरीक्षक ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि गिरने के बाद आंखों के सामने अंधेरा छा गया था। दरोगा ने गोमतीनगर थाने में को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तकनीकी छात्रों को रोजगार संगम से मिलेगा भाषा का भी प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और संबद्ध संस्थानों के छात्रों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर छात्रों का 'रोजगार संगम' पोर्टल पर भाषा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का "रोजगार संगम" पोर्टल पर पंजीकरण कराने को कहा है, ताकि युवाओं को देश-विदेश में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। इस मिशन के तहत राज्य संचालन समिति ने संस्थानों और विद्यार्थियों को पोर्टल से जोड़ने तथा मांग के अनुरूप भाषा प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सरकार द्वारा विकसित एकीकृत पोर्टल पर कैंपस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशी रोजगार, ऑनलाइन काउंसिलिंग और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्रों को स्वयं पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, जिसके बाद संबंधित संस्थान उनके विवरण और सीवी का सत्यापन करेंगे।

# विधानभवन के पास महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आत्मदाह करने का प्रयास करने वाली महिला को पकड़े महिला सिपाही।

**अमृत विचार:** विधानभवन के पास शुक्रवार दोपहर महिला ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। इससे पहले महिला माचिस की तीली जलाती, आत्मदाह निरोधी दस्ते के पुलिस कर्मियों व हजरतगंज पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। तेल और माचिस छीन ली। पीड़िता ने पड़ोसी पर जमीन कब्जे और राजस्व विभाग पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़िता संध्या सिंह मानकनगर के न्यू श्रीनगर की रहने वाली हैं। दोपहर करीब एक बजे वह विधानभवन के पास पहुंची। उन्होंने दुपट्टे में छिपाकर रखी पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और खुद पर उड़ेल ली। यह देख विधानभवन के बाहर पास ड्यूटी पर लगे आत्मदाह निरोधी दस्ते और पुलिस कर्मियों ने दौड़े। घेरकर संध्या को पकड़ लिया और बोतल छीन ली।

उसके बाद महिला पुलिसकर्मी संध्या को लेकर हजरतगंज कोतवाली पहुंची। पूछताछ में पीड़ित संध्या ने बताया कि पड़ोसी इकबाल सिंह ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। विरोध पर वह जान से मारने की धमकी देता है। जमीन की पैमाइश के लिए राजस्व विभाग को कई बार पत्र देकर अनुरोध किया गया। इसके बाद भी जमीन का स्पष्ट सीमांकन अभी तक नहीं हुआ।

वहीं, दूसरा पक्ष जमीन खाली नहीं कर रहा है। वह उसपर अतिक्रमण कर अपना हक जताता है। सुनवाई न होने के कारण वह परेशान थी। इसीलिए यहां आत्मदाह करने के लिए आई थी। पुलिस ने उन्हें समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद घटना की जानकारी मानकनगर पुलिस को दी गई। एसओ मानकनगर अजीत सिंह महिला पुलिस के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे और पीड़िता को साथ लेकर चले गए।एसओ का कहना है कि राजस्व विभाग से संपर्क कर अभिलेखों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### कपड़ा व्यवसायी की पत्नी से चेन लूटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मॉर्निंग वॉक के लिए निकली कपड़ा व्यवसायी की पत्नी से लूलू मॉल गेट के सामने बदमाश ने चेन लूट ली। छिनैती में गले में चोट लगी। इसके बाद भी पीड़िता ने बदमाश का पीछा किया लेकिन वह भाग निकला। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अवध विहार योजना स्थित नंदनी एन्क्लेव निवासी सुनील कुमार अवस्थी कपड़ा व्यवसायी है। रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह उनकी पत्नी रचना मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। वह टहलते हुए लूलू मॉल की ओर जा रही थी। मॉल के गेट नंबर दो के पास पीछे से पैदल आए एक बदमाश ने झपट्टा मारकर चेन खींच ली।

### विद्युत अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाने में एक व्यक्ति ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि छत के ऊपर से सुरक्षा मानकों को पालन किए बिना बिजली विभाग की 11 केवी की लाइन जा रही थी। जिसकी चपेट में आने से बहन की मौत हो गई थी। बलिया निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि बड़ी बहन अंकिता गुप्ता गवर्मेन्ट रिलेशन डाक्यूमेंटेशन ऑफिसर के पद पर कार्यरत थीं। वह विरामखंड स्थित मनीषा मंदिर के पास रहती थीं। 11 फरवरी को अंकिता सहकर्मी मुस्कान के साथ किराए के मकान की छत पर रात 11 बजे टहल रहीं थीं। मकान की उत्तरी दिशा की तरफ 34 फीट की ऊंचाई पर रेलिंग के अंदर से 11 केवी की हाई टेंशन लाइन गुजर रही थी। छत और तार के बीच सुरक्षा मानकों के अनुसार अनिवार्य दूरी होनी चाहिए। जिसके चलते अंकिता की बिजली के तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने मौत हो गयी थी। प्रदीप का आरोप है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों और इंजीनियरों की लापरवाही से ऐसा हुआ है।

### नृत्यांजलि का अंतिम चरण हुआ सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित रीवायत में कला, अभिव्यक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला। प्रमुख आकर्षण नृत्यांजलि का अंतिम चरण सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने भाव, ताल और लय के सुंदर समन्वय के साथ अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस प्रतियोगिता में एकल वर्ग में प्रथम स्थान लोहिया विश्वविद्यालय की आस्था पटेल ने व सामूहिक वर्ग में लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने प्राप्त किया। इसके पश्चात आयोजित रंगमंच नाटक एवं रंगकर्म प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली अभिनय और सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को जीवंत बना दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काव्योम फाउंडेशन ने प्राप्त किया। इसके बाद मेकअप और स्टाइलिंग पार्टनर लैकमे के सहयोग से आयोजित परिधान प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता का आकर्षक प्रदर्शन किया।

### तेलंगाना और उड़ीसा में खेलेंगे शकुंतला विवि के खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के चयनित पैरा बैडमिंटन व पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन तेलंगाना में होने वाले नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय के 20 पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन आगामी 6 से 10 मार्च तक तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में होने वाले 7वीं नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में राहुल कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, प्रह्लाद, मनोज कुमार चौहान, हामिद सलमानी, हर्षित पाल, शशिकांत यादव, आलोक कुमार, नंद लाल, कनक सिंह जादौन, उषा देवी, स्वाति, कुं. सर्वेश, रनजीता मौर्य, आफ़ीन बानो, सिराजुद्दीन अहमद, संजना कुमारी, निलेश यादव एवं सतेंद्र कुमार यादव शामिल हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय के 4 पैरा एथलीट 17 से 21 मार्च तक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में प्रतिभाग करेंगे। इसमें सोनिका देवी, प्रदीप कुमार वर्मा, कनक सिंह जादौन एवं प्रह्लाद शामिल हैं।

### 'स्टार बस्टर्स' ने जीते 250 अमेरिकी डॉलर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी संकाय के छात्रों की टीम "स्टार बस्टर्स" ने रिफ्ट-2026 हैकाथॉन के वेब3 ट्रैक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हैकाथॉन का आयोजन पीडब्लयूआईओआई की ओर से बेंगलुरु, नोएडा, लखनऊ और मुंबई में एक साथ किया गया। जिसमें 8 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने ऑफलाइन व वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। टीम का नेतृत्व बीटेक सीएसई एआई छात्र हर्ष प्रजापति ने किया, जबकि जतिन पांडे ने तकनीकी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेब3 श्रेणी में विजेता बनने पर टीम को अलगोरेंड और पीडब्ल्यू आईओआई की साझेदारी में 250 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार मिला। कुलपति प्रो. जेपी सैनी और डीन प्रो. एसपी सिंह ने छात्रों को बधाई दी है। टीम का प्रोजेक्ट "अपॉर्चुनिटी ओएस" एक डिसेंट्रलाइज्ड ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो बिटकॉइन व इथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी में प्रयुक्त उच्च कंप्यूटिंग क्षमता को एआई मॉडल ट्रेनिंग में उपयोग करने का समाधान प्रस्तुत करता है। प्लेटफॉर्म पर जुपीटर नोटबुक, क्वांटम एन्क्रिप्शन और आईपीएफएस आधारित सुरक्षित डेटा प्रबंधन की सुविधा दी गई है, जिससे ऊर्जा व तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सके।

# इंजीनियर व बैंक मैनेजर के मकान में करोड़ों की चोरी



कैमरे में कैद चोरी करने का आरोपी चालक। अमृत विचार



चोरी के बार अस्त-व्यस्त बिखरा सामान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी चालक
- सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ चौकी के पास हुई वारदात

**अमृत विचार:** अहिमामऊ पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर की दूरी पर इंजीनियर व बैंक मैनेजर भाई के घर में कार चालक ने नकदी व जेवर समेत करोड़ों का माल चोरी कर लिया। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार शादी में देवरिया में थे। इस दौरान कार चालक ने इत्मिनान से पूरा घर खंगाला। पीड़ित गुरुवार देर रात वापस लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो आरोपी चालक कैद मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्जुनगंज के सरसवां निवासी निलेश सिंह देवरिया में इंजीनियर हैं। परिवार में पत्नी अंकिता और दो बच्चों हैं। मकान के पहले तल पर छोटे भाई की पत्नी नेहा और एक बच्चा रहता है। छोटा भाई प्रयागराज के एक प्राइवेट बैंक में मैनेजर है। पीड़ित निलेश ने बताया कि देवरिया में भतीजे की शादी थी। 18 फरवरी को परिवार के सभी लोग घर पर ताला लगाकर कार चालक राजेंद्र शर्मा संग देवरिया गए थे। घर की देखरेख के लिए गार्ड ओमप्रकाश को छोड़ दिया था।

22 फरवरी को गार्ड ओमप्रकाश ने निलेश सिंह को फोन पर बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब हो गई। वह हरदोई अपने घर जा रहा है। 23 फरवरी को निलेश ने कार चालक को दो हजार रुपये देकर घर की देखरेख करने के लिए भेज दिया। इस दौरान कार चालक राजेंद्र ने घर के सभी कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखे करीब 20 लाख रुपये, डॉयमंड के हार, अंगूठी, सोने चांदी के आभूषण समेत करोड़ों रुपये का माल पार कर दिया।

पीड़ित जब देवारिया से चला तो उसने नौकरानी चांदनी को फोन कर घर पहुंचकर साफ-सफाई करने को कहा। चांदनी घर पहुंची तो मुख्य द्वार बंद था। उसने फोन कर निलेश को घर में ताला बंद होने की जानकारी दी और अपने घर चली गई। निलेश 26 फरवरी की रात करीब 12 बजे घर पहुंचे। पड़ोसियों के सहयोग से मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर के अंदर गए तो सारा सामान फैला हुआ था। अलमारी से रुपये और गहने गायब थे। सुशांत गोल्फ सिटी की पुलिस पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। पीड़ित ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा तो उसमें चालक राजेंद्र की करतूत कैद मिली। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश में दबिश दी जा रही है।

पीड़ित इंजीनियर ने पुलिस को बताया कि मूल रूप से बरेली निवासी कार चालक राजेंद्र शर्मा सरोजनीनगर में रहता है। राजेंद्र पीड़ित के घर की कार करीब सात साल से चला रहा था। जिसके चलते इंजीनियर और उनका पूरा परिवार उसपर भरोसा करते थे। इसी भरोसे के चलते निलेश ने चाभी देकर उसे घर भेज दिया था।

# कंपनी निदेशक समेत छह के खाते से उड़ाए 31.42 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी, विकासनगर, गाजीपुर, चिनहट व मलिहाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग व आईटी कंपनी के निदेशक समेत छह के खातों से करीब 31.42 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने कॉल कर फंसाया तो कहीं हैक और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले बीबीडी, विकासनगर, गाजीपुर, चिनहट व मलिहाबाद के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

बीबीडी के अयोध्या रोड स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट निवासी 71 वर्षीय मनीष चंद्र वर्मा का खाता इंडसइंड बैंक में है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी की शाम एक कॉल आयी। जालसाज ने बातों में फंसाकर उनके खाते से दस मिनट के अंदर कई बार में 10 लाख रुपये पार कर दिए। वहीं, विकासनगर सेक्टर-सी निवासी अनिल कुमार बक्शी का खाता एसबीआई व एचडीएफसी बैंक में है। 16 फरवरी की रात घर लौटते समय उनका मोबाइल आईटी चौराहे पर गिरकर गुम हो गया। अगले दिन ऑनलाइन शिकायत की। 22 फरवरी को पता चला कि खाते से कई बार में 3,04,801 रुपये निकले हैं।

उधर, गाजीपुर के मुंशी पुलिया प्राइम प्लाजा स्थित सहज आईटी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक चंदन कुमार सिंह है। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके खाते से 11.05 लाख रुपये गायब कर दिए। इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 निवासी अमित मिश्र का खाता बंधन बैंक में है। साइबर जालसाज ने 21 फरवरी को उनके खाते से 1.90 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसके अलावा चिनहट के कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी विवेक सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने रिव्यू टॉस्क देकर रुपये दिए। इसके बाद जालसाज ने पेड टॉस्क बताकर कई बार में 4,62,675 रुपये ऐंठ लिए। वहीं, मलिहाबाद के मुजासा कस्बा निवासी नबील अहमद ने बताया कि साइबर जालसाज ने मोबाइल हैक कर 22 फरवरी को खाते से 80,020 रुपये पार कर दिए।

# ऑटोमोबाइल कंपनी के कैशियर ने हड़पे 63.72 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त के आदेश पर आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आलमबाग स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी के निदेशक ने कैशियर पर 63.72 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है। आरोप है कि कर्मचारी ने करीब पांच महीनों तक डे-बुक में हेराफेरी कर रकम बैंक में जमा न कर खुद ही हड़प ली। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर आलमबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

विराम खंड-3 निवासी गगन दीप सिंह नरूला आलमबाग के टेढ़ी पुलिया स्थित श्रेया ऑटो वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उनकी कंपनी में सीतापुर महोली के कुसैला गांव निवासी आकाश श्रीवास्तव कैशियर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि आकाश ने 3 जून 2025 से 20 अक्टूबर 2025 के बीच अलग-अलग दिन डे-बुक में दर्ज इंट्री के आधार पर 63,72,463 रुपये निकाले।

उसने प्रबंधन को बताया कि पूरी राशि बैंक में जमा कर दी गई है, लेकिन जब बैंक खाते का सत्यापन कराया गया तो रकम जमा न होने की बात सामने आई। धोखाधड़ी का एहसास होने पर गगन दीप सिंह नरूला ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर आलमबाग पुलिस ने आकाश श्रीवास्तव के खिलाफ गबन की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि वित्तीय अभिलेखों और बैंक स्टेटमेंट चेक किए जा रहे हैं।

# 10 बजे के बाद भी हो रहा शराब का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बिरहाना स्थित कंपोजिट शाप के बाहर रात 11 बजे शराब की बिक्री।

**अमृत विचार:** होली का त्योहार नजदीक आते ही राजधानी में अवैध शराब की बिक्री तेज हो गई है। कई मदिरा दुकानें निर्धारित समय रात 10 बजे के बाद भी खुलेआम शराब बेच रही हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों में देर रात तक बिक्री का सिलसिला जारी है, जिससे नियमों की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं।

ठाकुरगंज के मल्लाहीटोला, चारबाग, पाण्डेयगंज, बिरहाना, गोमती नगर, चिनहट और बुद्धेश्वर चौराहे के आसपास देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों पर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कई स्थानों पर कर्मचारी रात 10 बजे के बाद भी बेधड़क बिक्री करते हैं। बिरहाना स्थित एक कंपोजिट शराब विक्रेता पर रात 11 बजे बिक्री किए जाने का मामला भी सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार के दौरान यह प्रवृत्ति और बढ़ जाती है। हालांकि आबकारी विभाग समय-समय पर छापेमारी और गश्त का दावा करता है, लेकिन कार्रवाई का असर स्थायी रूप से दिखाई नहीं दे रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी करूणेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। होली के मद्देनजर विशेष टीम गठित कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है। अभियान के दौरान दोषियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

रिवॉल्वर लगा हाथ-पैर बांधे | बच्ची को छीना, तीन घंटे तक गोमतीनगर में दौड़ाते रहे कार

# डालीगंज पुल से दुधमुंही बच्ची संग मामा अगवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाथ से खून बहता देख अपहृत व बच्ची को पक्का पुल पर छोड़ा
- मदेयगंज थाने में दो नामजद व तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** डालीगंज पुल से सरेआम 11 माह की बच्ची व उसके मामा को कार सवार पांच लोगों ने अगवा कर लिया। मोहल्ले के दो युवक पहले बाइक पर बैठाकर डालीगंज लाए और फिर कार सवार तीन अज्ञात ने जबरन बैठा लिया। शोर मचाने पर कनपटी पर रिवॉल्वर लगाकर धमकाया। बच्ची को छीनकर मामा के हाथ-पैर बांध दिए। करीब तीन घंटे तक आरोपी कार गोमतीनगर में घुमाते हुए धमकाते रहे। अपहृत के हाथ से खून निकलता देख अपहरणकर्ता पक्का पुल के पास छोड़कर भाग निकले। अपहृत की बहन ने मदेयगंज थाने में दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डालीगंज निवासी अधिवक्ता शशि सिंह ने बताया कि 25 फरवरी की दोपहर 24 वर्षीय भाई दीपांशु 11 माह की भांजी कूहू को गली में खिला रहा था। इसी दौरान बादशाह जी बाग निवासी मुकुल उर्फ आर्यन कश्यप और हर्षित बाइक से वहां आया और दीपांशु को बच्ची संग बाइक पर बैठा लिया। उसके बाद आरोपी उन्हें बाइक से डालीगंज पुल लेकर पहुंचे। उसके बाद कार सवार तीन अज्ञात ने मामा-भांजी को अगवा कर लिया। विरोध करने पर कनपटी पर रिवॉल्वर लगायी। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी।




आरोपियों ने बच्ची को दीपांशु से छीनकर हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। उसके बाद आरोपी कार लेकर मनकामेश्वर मंदिर बांध से होते हुए गोमतीनगर, 1090 चौराहा और फन मॉल होते हुए गाड़ी घुमाते रहे। रस्सी बंधने से दीपांशु के हाथ से खून बहने लगा। करीब तीन घंटे बाद आरोपी अपहृत मामा-भांजी को पक्के पुल के पास छोड़कर फरार हो गए। घायल हालत में पीड़ित घर पहुंचा और परिजन को जानकारी दी।

बहन शशि ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकुल उर्फ आर्यन कश्यप, हर्षित और तीन अज्ञात के खिलाफ अपहरण, हमला, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर मदयेगंज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# तकनीक के प्रयोग दिखाकर छात्रों ने सबको किया हैरान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंधेरे में रोबोट बनाता है दूसरों के लिए रास्ता से बटोरी प्रशंसा
- बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप में उत्कर्ष-2026 का दूसरा दिन

**अमृत विचार:** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के तत्वाधान में 26-28 फरवरी को हो रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 के दूसरे दिन छात्रों ने तकनीकी आधारित विभिन्न उपक्रमों का प्रदर्शन करके सबको हैरान कर दिया। तकनीकी प्रतियोगिताओं में आईकेएस इंडियन नॉलेज सिस्टम, ट्रेडिशनल टू टेक ऐप डेवलपमेंट, रोबो मैराथन, रोबोकॉन, लाइन फॉलोअर में अंधेरे में रोबोट रास्ता बनाता है जिसके ऊपर रोबोट चलते है। पिक एंड प्लेस में रोबोट द्वारा किसी भी प्रकार की वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है। इसके अलावा लाइट फॉलोअर, रोबोकान, थिंक टैंक आदि आकर्षण के केन्द्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा सांइलेंट ईकोज-माईम में रामायण एवं घरेलू हिंसा पर आधारित प्रस्तुति दी गई। लघु नाटिका ड्रामा जंक्शन के माध्यम से विरासत से विकास तक थीम पर आधारित नाटक का मंचन किया गया।

स्पोर्ट्स इंडिविजुअल कैटेगरी में विजयी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि अंजनी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अभिषेक कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा पुरस्कार दिया गया। होटल मैनेजमेट के छात्रों द्वारा मॉकटेल प्रतियोगिता, स्नैक्स बनाना, विरासत-ए-मिठास एवं परम्परा से प्लेट तक सीजन में भाग लेकर सभी जजों का दिल जीता। एनएसएस के छात्रों द्वारा विरासत से विकास तक की थीम पर पुराने समय के कच्चे घरों एवं कॉमर्शियल बिल्डिंगस से लेकर आधुनिक तकनीक के मॉर्डन हाउसेस, बिल्डिंगस जिनकी छतों पर सोलर पैनल से लेकर हैलीपैड तक दिखाये गये है।

## सिटी ब्रीफ



समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री।

### बिजली बिल राहत योजना की समीक्षा की

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को राजधानी में ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बिजली बिल राहत योजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजना की प्रगति, राजस्व प्राप्ति और उपभोक्ताओं को दी गई राहत पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अब तक 47 लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने इस योजना में नामांकन कराया है, जो योजना की व्यापक सफलता और जनविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विभाग को अब तक 4,807 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं, योजनानुसार प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को 8,783 करोड़ रुपये की बड़ी राहत प्रदान की गई है। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचे और प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाए रखा जाए।

### प्रह्लाद और होलिका की कहानी सुनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से शुक्रवार को गोमती नगर के विराम खंड स्थित लिटिल चैंप्स स्कूल में दादी–नानी की कहानी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने प्रह्लाद और होलिका की कथा सुनी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय त्योहारों और लोक परंपराओं से परिचित कराना रहा। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को होली से जुड़ी प्रह्लाद और होलिका की कथा सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार अच्छाई की हमेशा बुराई पर विजय होती है। इसके साथ ही उन्होंने कृष्ण–राधा की रंगों वाली होली का प्रसंग सुनाकर प्रेम, स्नेह और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता और आनंद के साथ कथाएं सुनीं तथा प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋचा माथुर, अध्यापिकाएं रुखसाना, सोनिका, रोली, शिवानी, सीमा आदि उपस्थित रहीं।

### वर्ल्ड वाटर डे पर होगा युवा महोत्सव का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** दस्तक युवा महोत्सव महाअभियान का समापन विश्व वानिकी दिवस 21 और विश्व जल दिवस 22 मार्च को किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर संगीता और वीना ने दी। उन्होंने बताया कि चूंकि इस बार दस्तक फेस्टिवल अपने अठारह साल पूरे कर रहा है इसलिए युवाओं में बहुत उत्साह है और इस बार दिसम्बर माह से मार्च माह तक लगातार युवा महोत्सव कई चरणों में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसकी पूरी टीम और कथावस्तु पर्यटन ,युवा ,प्रकृति और पर्यावरण रखी गई है जिससे युवाओं में प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य हेतु पर्यटन का रुझान भी बढ़े। विश्व जल दिवस पर होने वाले समापन कार्यक्रम में बाहरी जिलों और प्रदेशों से भी युवाओं की प्रतिभागिता हो रही है।

# शराब कारोबारी की चश्मदीद बेटी को सरकारी गवाह बनाएगी पुलिस

- हत्या के आरोपी बेटे अक्षत को रिमांड पर लेने की तैयारी
- रायफल, खोखा व कारतूस बैलेस्टिक जांच को भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना सेक्टर-एल में पैथालॉजी संचालक व शराब कारोबारी मानवेंद्र सिंह (49) हत्याकांड में पुलिस घटना की चश्मदीद बेटी कृति सिंह को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी में है। पुलिस ने कृति से पूछताछ कर हत्याकांड से जुड़ी कई अहम जानकारियां ली हैं। कृति ने पुलिस को बताया था कि भाई अक्षत ने पापा को गोली मारी थी।

आवाज सुनकर वह कमरे में आई तो भाई ने धमकाया कि अगर शोर मचाया तो उसे भी मार देगा। जिसके बाद वह चुप हो गयी थी। अक्षत ने उसे कमरे में बंद कर दिया था। आशियाना पुलिस हाई प्रोफाइल मामले में एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है। ताकि केस डायरी को मजबूत कर सके। इसके साथ ही पुलिस घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को संकलित कर रही है। आशियाना पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए असलहा और मौके से बरामद खोखा, कारतूस व मैग्जीन भेजी है। बैलेस्टिक रिपोर्ट आने से यह साफ हो जाएगा कि जिस गोली से मानवेंद्र की मौत हुई, वह इस रायफल से चली थी या नहीं। एफएसएल की रिपोर्ट को भी पुलिस केस डायरी में शामिल करेगी।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि अक्षत के मोबाइल की कॉल डिटेल मंगवाई गई है। कॉल डिटेल आने पर पता चलेगा कि हत्याकांड में किसी और की भूमिका है या नहीं। अगर किसी और की भी भूमिका मिली तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटा लिए हैं। एक बात पुलिस को खटक रही है कि गोली की आवाज घर में मौजूद अन्य लोगों व पड़ोसियों को कैसे सुनायी नहीं दी? पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।आरोपित ने पूछताछ में बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार पिता से किसी न किसी बात पर टकराव हो रहा था।

पुलिस सूत्रों की माने तो इस मामले में अभी कई सवालों के जवाब मिलना बाकी है। उनके जवाब जानने के लिए पुलिस अक्षत को रिमांड पर ले सकती है। पुलिस मजबूत चार्जशीट बनाने के लिए कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं अक्षत को अभी भी जेल अस्पताल में ही रखा गया है। उसके स्थिति पर डॉक्टर नजर रखें हुए हैं।

### बच्ची से अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने छह वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत करने शिक्षक को दीपक शर्मा गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। वहीं, ठाकुरगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और मतांतरण का दबाव बनाया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपित को जेल भेजा। उधर, ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता ने 26 फरवरी को शादाब अंसारी के खिलाफ दुष्कर्म व धर्मांतरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि आरोपी ने शादी का दबाव बनाते हुए धर्मांतरण का दबाव बनाया। इंकार करते हुए पीटा व धमकी दी। पुलिस ने 27 फरवरी को आरोपी शादाब अंसारी को आदर्श नगर मल्लपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### काला दिवस मनाएंगे पेंशनर्स-कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊः** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति, उप्र. और उप्र. पेंशनर्स कल्याण संस्था ने भारत सरकार द्वारा पारित वैलिडेशन एक्ट के विरोध में 25 मार्च 2026 को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा संयुक्त समिति के प्रान्तीय संयोजक एन. पी. त्रिपाठी और सह संयोजक (प्रचार) एवं महासचिव ओंकार नाथ तिवारी ने की है। उप्र. पेंशनर्स कल्याण संस्था के महासचिव ने शुक्रवार को बताया कि यह निर्णय सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न कर्मचारी और पेंशनर संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया गया।



प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों से नोकझोंक करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# लाठी-डंडे और हसिया लेकर पहुंचे किसान, जलाया एलडीए का पुतला

## उजरियावं योजना में अधिग्रहीत भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सन् 1984 में गोमती नगर उजरियांव योजना में अधिग्रहीत की गई जमीन का संपूर्ण भुगतान न होने पर शुक्रवार को किसान लामबंद हो गए। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी अराजनैतिक के साथ सैकड़ों महिला और पुरुष किसान लाठी-डंडा और हसिया लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण पहुंचे। गेट नंबर 1 के पास धरना-प्रदर्शन किया। 41 साल से मुआवजा और अन्य मांगे पूरी न होने पर नारेबाजी की।

एलडीए का पुतला हसिया व लाठी-डंडों से पीटकर आग के हवाले कर दिया। इस बीच पुलिस बल पहुंचा और रोकने का प्रयास किया। आपस में नोकझोंक हुई। घंटों प्रदर्शन चला। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि योजना में फेज-1 व 2 में तखवा, चिनहट, कटौता, चकमल्हौर, बड़ा भरवारा, रिसहा, विजयीपुरी, गुलाम हुसैन पुरवा समेत 25 गांव की जमीन अधिग्रहत की थी। उस समय 85 पैसे स्क्वायर फीट के हिसाब से मुआवजा मिला। कोर्ट गए तो 2.50 रुपये, इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 4.60 रुपये किए गए, लेकिन एलडीए ने भुगतान नहीं किया। कुछ देर बाद पहुंचे अधिकारियों ने अभिलेख देखे और बात सुनी। ज्ञापन लेकर समाधान का आश्वासन दिया।



एलडीए के पुतले को लाठी से पीटते किसान।

### प्रमुख मांगें

- विशेष खंड में 22 चबूतरों की लॉटरी निरस्त की जाए
- मुआवजे में काटा 11 .2 फीसद इनकम टैक्स वापस लें
- लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास बारात और किसान भवन बने
- विकल्प खंड में रोहित रेजिडेंसी के पास 4 हजार भूखंड विकसित करें
- गोमती नगर फेज–2 में शेष दो श्मशान घाट दिए जाएं

### चार हजार किसान प्रभावित

- अशोक यादव ने बताया कि इस योजना में करीब 4 हजार किसान प्रभावित हैं, जो सर्किल रेट मांग रहे हैं। किसानों को चार हजार भूखंड, जीवन–यापन के लिए चबूतरे, बरात घर का आश्वासन अधूरा है। गुलाम हुसैन पुरवा और रिहसा गांव में पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसके अलावा चबूतरों का आवंटन भी नहीं किया है। चिनहट तिराहे पर अवैध 24 वर्ष से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं।

### दो अवैध अस्पतालों पर लगेगा ताला

**अमृत विचार, लखनऊ :** 17 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुबग्गा क्षेत्र के 10 निजी अस्पतालों में छापेमारे थे। मां वैष्णों और इम्पल्स हॉस्पिटल बिना लाइसेंस के संचालित पाए गए। आठ अन्य अस्पतालों में भी मानकों की अनदेखी मिली।

डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने बताया कि दोनों अवैध अस्पतालों को बंद कराने के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र भेजा गया है। बिना लाइसेंस अस्पतालों का संचालन पूरी तरह अवैध है और यह सीधे तौर पर मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों अस्पतालों पर आर्थिक दंड की कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने शेष आठ अस्पतालों को पहले ही नोटिस जारी कर मानकों के अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराने और स्पष्टीकरण देने को कहा था, लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला। ऐसे में शुक्रवार को दोबारा नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई है। डॉ. एपी सिंह ने कहा कि जवाब न देने वाले अस्पतालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों का संचालन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्राथमिकता से सत्यापित करें चरित्र प्रमाणपत्र

- मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। सभी पटल एवं अनुभागों की विस्तृत प्रगति देखी। जिलाधिकारी विशाख जी के साथ निरीक्षण की शुरुआत संयुक्त कार्यालय से की। जहां मंडलायुक्त ने विभिन्न पटलों पर रक्षित रजिस्टरों एवं पत्रावलियों की समीक्षा की। निर्देशित किया कि संयुक्त कार्यालय में मास्टर रजिस्टर तैयार किया जाए। साथ ही सरकारी सेवा से संबंधित चरित्र सत्यापन के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सत्यापित करें। आर-ए-2 पटल के निरीक्षण के दौरान लंबित उत्तराधिकार प्रकरणों की आख्या संबंधित तहसीलों से प्राप्त कर उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इसके अतिरिक्त बिल लिपिक को सेवा पुस्तिकाओं का पृथक रजिस्टर तैयार कर सभी प्रविष्टियां अद्यतन रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी नगर (पूर्वी) के न्यायालय का निरीक्षण किया। यहां टेनेंसी एक्ट, खाद्य सुरक्षा, राजस्व, आबकारी तथा सरफेसी एक्ट से संबंधित वादों के निस्तारण की जानकारी की। निरीक्षण के दौरान पुराने वादों की पत्रावलियों का अवलोकन किया। निर्देशित किया कि पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों के त्वरित निस्तारण के लिए दैनिक आधार पर तिथि निर्धारित की जाए तथा लंबित तामीलों को शीघ्र पूरा कराए। इसके बाद सभागार, ईआरके, जेआरके, अभिलेखागार एवं सीआरए अनुभाग का निरीक्षण किया। अभिलेखागार में अभिलेख कॉम्पैक्टर में सुव्यवस्थित पाए गए। सीआरए अनुभाग में अमीनवार वसूली के विवरण की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया गया कि वसूली कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा नियमित करें।

### होली पर नहीं होगी ट्रांसपोर्ट नगर से बुकिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल (रजि.) एवं वेयर हाउस ओनर्स एसोसिएशन ने कहा है कि होली पर ट्रांसपोर्टनगर में बुकिंग कार्य बंद रहेगा। मीडिया प्रभारी राज नारायण सिंह ने समस्त सीएफए, डिपो संचालकों, व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों एवं संबंधित प्रतिष्ठानों को इस आशय की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 1 मार्च (रविवार) को बुकिंग बंद रहेगी। 2 मार्च से 5 मार्च तक होली के उपलक्ष्य में समस्त बुकिंग का पूर्णतः बंद रहेगी।

## सिटी डायरी




सृजन काव्य समारोह में मौजूद कवि।

### सृजन का वसंत प्रकाशित करेगी साहित्य सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा 166वां सृजन फागुन और वसंत पर आधारित रहा। विनोद शंकर शुक्ल की अध्यक्षता व योगी योगेश व सुभाष रसिया के संयोजन में अंकुर पाठक ने कुशल संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्याकरणविद अरविंद झा उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह व यूपी यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कवियों का स्वागत किया। सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने बताया कि सृजन की विषय पर आधारित पुस्तकें प्रकाशित की जायेंगी। प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से प्रारंभ काव्य समारोह में सच्चिदानंद शलभ जी, श्रीश दीक्षित, रश्मि शरद, नेहा शुभम सक्सेना, रवि कांत पांडे, रवि श्रीवास्तव, डॉ सीमा श्रीवास्तव ने फागुन होली और वसंत पर श्रेष्ठ गीत पढ़े।



संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैठक में उपस्थित व्यापारी।

### उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। रवि दूबे को अध्यक्ष, सनत शुक्ला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लोकेश दीक्षित को वरिष्ठ संगठन मंत्री, विनोद भारती को उपाध्यक्ष, अनुपम भदौरिया को वरिष्ठ महासचिव, सुनील गुप्ता को महासचिव, मोईन खान को सचिव, शिवा कनोजिया को संयुक्त मंत्री व पिंटू मंत्री को मंत्री बनाया गया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान व्यारियों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई।



शिविर में मरीजों को देखते चिकित्सक ।

### स्वास्थ्य शिविर में 77 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में मड़ियांव स्थित नौबस्ता पुलिया के पास नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 77 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा शिविर में 237 लोगों का विशेषज्ञों जरिए स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक बबली सिंह ने बताया कि चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव और बेहतर जीवनशैली के लिए लोगों को महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।



नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

### रक्षामंत्री से मिलीं महापौर खर्कवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली में शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके सरकारी आवास पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने शिष्टाचार भेंट की। शहर के विकास, जनहित से जुड़े कार्यों तथा नगर निगम की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। महापौर ने कहा कि जनसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। रक्षामंत्री का सरल व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



गोमती नगर स्थित आनंद पार्क में योगाभ्यास करते लोग।

### प्राकृतिक जीवन और योग ही दीर्घायु का आधार: महेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित आनंद पार्क में योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल से लखनऊ प्रवास पर आए योग गुरु महेश अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जीवनशैली, नियमित योगाभ्यास और सात्विक आहार ही दीर्घायु एवं निरोग जीवन का वास्तविक आधार हैं। उन्होंने बताया कि शुभ चिंतन, नियमित उपवास, पर्याप्त नींद, प्राणायाम, ध्यान तथा प्रेम और करुणा जैसे मानवीय गुणों को अपनाकर व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने दवाइयों पर अनावश्यक निर्भरता छोड़ प्राकृतिक उपचार पद्धति और योग की शरण में आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम और ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. आशा सिंह, अनीता सिंह, उमाशंकर सिंह, अनिल नारायण सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह आचार्य, शिव नायक पाण्डेय, भागवत गौड़, अनिल बजाज, बिंदु सिंह, सुधा सिंह मौजूद रहे।

## करेंगे जागरूक

**बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान की अनूठी पहल का हर मंगलवार 89 .6 मेगाहटर्ज पर होगा प्रसारण**

# अब रेडियो पर बोलेगी धरती, हर घर पहुंचेगा विज्ञान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीरबल साहनी पुराविज्ञान (बीएसआईपी) ने विज्ञान को आमजन तक पहुंचाने के लिए अनूठी पहल की है। संस्थान ने साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम 'कहानी धरती की, जहां धरती बोलेगी और हम सब सुनेंगे' की शुरुआत की है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर बीएसआईपी ऑडिटोरियम में किया गया।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से धरती के इतिहास, जीवाश्मों, जलवायु परिवर्तन और मानव विकास जैसे विषयों को सरल एवं रोचक भाषा में श्रोताओं तक पहुंचाया जाएगा। वैज्ञानिक स्वयं अपने शोध और खोज की कहानियां साझा करेंगे, ताकि विज्ञान किताबों से निकलकर सीधे समाज से जुड़ सके।

डॉ. केके सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन मार्च से प्रत्येक मंगलवार दोपहर 3 से 4 बजे तक 89.6 मेगाहटर्ज पर प्रसारित होगा। श्रोता इसे 'केजीएमयू गूंज' मोबाइल ऐप और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से भी सुन सकेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. महेश जी ठक्कर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान और समाज के बीच की दूरी को कम करना है। इसमें सामूहिक विलुप्ति, डायनासोर युग, जलवायु परिवर्तन, उल्कापिंडीय टक्करों और मानव विकास जैसे जटिल विषयों को सहज शैली में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का निर्माण बीएसआईपी और रेडियो केजीएमयू गूंज के संयुक्त प्रयास से किया गया है। इस अवसर पर डॉ. अरविंद माथुर, डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. निमिष कपूर तथा स्टेशन मैनेजर शालिनी गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का पोस्टर लांच करते हुए डॉ. महेश जी ठक्कर, डॉ. केके सिंह व अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### एकेटीयू में स्टार्टअप का महाकुंभ आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के 300 से अधिक स्टार्टअप का महासम्मेलन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आरंभ होने जा रहा है। जिसमें इंटीग्रल विश्वविद्यालय, महर्षि विश्वविद्यालय, बीबीडी समेत अन्य निजी और सरकारी विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भी हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तरीय स्टार्टअप संगम 2026 का आयोजन आज और कल किया गया है। जिसका आरंभ नगर विकास व उर्जा मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई ऊर्जा देने और युवाओं को नवाचार के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिखर सम्मेलन में कुल 8 विशेष सत्र होंगे। सभी सत्र छात्रों और उभरते स्टार्टअप्स को जॉब क्रिएटर बनने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

### मोनाली ठाकुर कॉन्सर्ट का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा एलुमनी मीट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के 500 से अधिक पूर्व छात्र (एलुमनी) एक साथ एक मंच पर एकत्रित होंगे और वर्तमान लगभग 5 हजार विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में शाम 6 बजे से बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका मोनाली ठाकुर का लाइव कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जा रहा है।

### बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्याल में बटालियन स्तर पर "बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम व द्वितीय वर्ष के एसडी (सीनियर डिवीजन) व एसडब्ल्यू (सीनियर विंग) कैडेट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लिखित परीक्षा, ड्रिल परीक्षण और साक्षात्कार के माध्यम से कैडेट्स के ज्ञान, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया गया। परिणामों में प्रथम वर्ष एसडब्ल्यू से जान्हवी कुमारी तथा एसडी से दिव्यांश सिंह तोमर बेस्ट कैडेट घोषित हुए। द्वितीय वर्ष एसडी में एलसीपीएल विष्णु सिंह चौहान और एसडब्ल्यू में एलसीपीएल भूमि गुप्ता ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### छात्राओं ने सीखे कैसे बेकरी उद्योग खड़ा करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में लघु मध्यम एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय के तत्वाधान बेकरी एवं कन्फेक्शनरी निर्माण प्रशिक्षण का समापन हो गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षका ज्योति ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई ने कहा कि आज की छात्राओं को नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना है। मंत्रालय के अधिकारी राजन ने भी छात्राओं का आह्वान किया कि वो इसे स्टार्टअप के रूप में शुरू करें। कार्यक्रम को प्रोफ़ेसर शिवानी श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमलता पांडे ने किया। इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग की रंजना राय सहित सभी प्राध्यापक और छात्रायें मौजूद रहे।

### कला अभिरुचि पाठ्यक्रम का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य संग्रहालय द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' का समापन समारोह एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। देशभर से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने कला, संस्कृति और विरासत संरक्षण विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अतिका वर्मा प्रथम, कशिश चौधरी द्वितीय तथा कुलदीप सिंह तृतीय रहे, जबकि प्रिया तिवारी और ऋचा मेहरोत्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक जागरूकता और विरासत के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। "संग्रहालय की वस्तुओं का निवारक संरक्षण" विषय पर धर्मेंद्र मिश्रा ने व्याख्यान दिया। निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

### वीआईसी कोर्स संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के सौजन्य से आयोजित वर्टिकल इंटरेक्शन कोर्स (वीआईसी) का समापन हुआ। मुख्य अतिथि एडीजी प्रशिक्षण बीडी पाल्सन को आईजी राजीव मल्होत्रा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कोर्स में उत्तर प्रदेश, छतीसगढ़, झारखंड सहित आरपीएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के 14 अधिकारियों ने भाग लिया। एडीजी पाल्सन ने कहा कि नवीन न्याय संहिता के तहत सात वर्ष से अधिक दंडनीय मामलों में घटना स्थल निरीक्षण के दौरान फोरेंसिक विशेषज्ञ की अनिवार्यता को गंभीरता से लेना होगा।

# जिलाधिकारी ने की बोर्ड परीक्षाओं की लाइव मॉनिटरिंग

## दोनों पालियों में सकुशल सम्पन्न हुई परीक्षाएं, शुक्रवार को मंडलीय सचल दल भी लखनऊ जिले में रहा सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा शुक्रवार को जिले के 121 केंद्रों पर हुई। प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित और इंटर की टंकण, रेडियो, बैंकिंग आदि विभिन्न विषयों की परीक्षाएं हुई जिसमें कुल पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 1809 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान की परीक्षा सम्पन्न हुई जिसमें 911 छात्र परीक्षा देने नहीं आए। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 48 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण जिला सचल दल ने किया। जबकि इस दौरान मंडलीय सचल दल भी जिले में सक्रिय रहा। मंडलीय सचल दल के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार की अगुवाई में दल ने कुल 14 केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बोर्ड की एसओपी के पालन को सुनिश्चित किया।



कंट्रोलरूम से लाइव मॉनिटरिंग करते जिलाधिकारी साथ में प्रभारी मनीषा द्विवेदी। अमृत विचार

शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाख जी भी बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लेने शाहमीना रोड बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय जुबली इंटर कॉलेज स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम पहुंचे। उन्होंने सभी सेक्टर मैजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि भ्रमणशील रहकर पूरी पारदर्शिता के साथ नकल विहीन परीक्षा कराए संपन्न। निरीक्षण के दौरान एसोसिएट डीआईओएस मनीषा द्विवेदी ने बताया गया कि कंट्रोल रूम में दो शिफ्टों में 10-10 कार्मिकों के द्वारा वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की मॉनिटरिंग की जाती है। उक्त के अतिरिक्त कंट्रोल रूम में तैनात दूसरी टीम द्वारा परीक्षार्थियों की उपस्थिति की भी मॉनिटरिंग की जा रही है।

मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडलीय संचल दल लखनऊ मंडल के सभी जिलों में बोर्ड की ओर से निर्देशित एसओपी का पूर्ण पालन कराने के साथ ही शांतिपूर्ण और नकलमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सक्रिय है। परीक्षार्थी पूरे आत्मविश्वास के साथ बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दें यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।




करामत हुसैन गर्ल्स कॉलेज में मास्टर सीटिंग प्लान का अवलोकन डॉ. दिनेश कुमार।

### भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में ध्रुपद कार्यशाला सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊः** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे पीठ अंतर्गत गायन विभाग द्वारा आयोजित ध्रुपद कार्यशाला का तृतीय दिवस सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, डॉ. मनोज कुमार मिश्र तथा डॉ. रुचि खरे सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विशेषज्ञ विदुषी प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने ध्रुपद की पारंपरिक साधना में आलाप-विस्तार की क्रमिक प्रक्रिया समझाते हुए गमक, वेद, संचारी आदि तत्वों का सप्रयोग अभ्यास कराया। उन्होंने स्वर शुद्धता, लय दृढ़ता और क्रमबद्ध आलाप के महत्व पर बल दिया। राग मालकौंस की चौताल एवं द्रुत बंदिश के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने ध्रुपद को भारतीय संगीत की प्राचीन परंपरा बताते हुए ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताया। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने इसे सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम कहा।

## कैलाश छात्रावास की वंदिता पांडेय ने जीते 3 स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लविवि में अंतर छात्रावासी प्रतियोगिता का हुआ समापन**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता महोत्सव का समापन सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कैलाश छात्रावास की वंदिता पांडेय ने 3 स्वर्ण पदक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ छात्रा का खिताब हासिल किया। हबीबुल्लाह हॉल के हिमांशु यादव ने 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार जीता। सभी छात्रावासों में हबीबुल्लाह हॉल को सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्रावास की ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि निवेदिता हॉल ने छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ छात्रावास का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा शुक्ला एवं डॉ. तनुका चटर्जी द्वारा किया गया।

यह समारोह विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों के बीच कई दिनों तक चली प्रतिस्पर्धाओं का समापन रहा। मुख्य अधीक्षक प्रो. अनूप कुमार सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए महोत्सव के दौरान छात्रावास निवासियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और अनुशासन की सराहना की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. वीके शर्मा ने व्यक्तित्व निर्माण और अंतर-छात्रावास सौहार्द को सुदृढ़ करने में सहपाठ्यक्रम गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट आचरण और खेल भावना की प्रशंसा की।

## स्कूली छात्रों ने देखी सीएसआईआर एनबीआरआई की प्रयोगशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सीएसआईआर-एनबीआरआई ने अपनी प्रयोगशालाओं को स्कूल छात्रों के लिख खोल दिया। इस अवसर पर संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, बॉटैनिक गार्डन, एक्सपोज़िशन, हरबारियम व अन्य अनुसंधान सुविधाएं विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए खोली गईं।

इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम वूमन इन साईंस कैटालाइजिंग विकसित भारत रही। जिसके अंतर्गत विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ और आसपास के जनपदों के 15 विद्यालयों, महाविद्यालयों से आए 800 से अधिक विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, बॉटैनिक गार्डन के प्लांट हाउस, हरबारियम तथा बंथरा स्थित दूरस्थ अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें संस्थान की विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों, तकनीकी नवाचारों एवं प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की।



प्रयोगशाला देखते स्कूली छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## आरईपीएल क्रूसेडर्स और ध्रुव अकादमी विजयी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन क्रिकेट लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब और ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने शानदार जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। एक ओर जहां आरईपीएल क्रूसेडर्स ने अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराया, वहीं ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से पराजित किया।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब की टीम 32 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। अंश पटेल ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। आरईपीएल क्रूसेडर्स की ओर से आकर्ष श्रीवास्तव और शाश्वत पाण्डेय ने दो-दो विकेट झटके। 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरईपीएल क्रूसेडर्स ने 21.5 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अमन यादव ने 48 रन की पारी खेली, जबकि यशस्वी मिश्रा ने नाबाद 55 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 38 ओवर में छह विकेट पर 224 रन बनाए। शिवांश कपूर ने 74 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 101 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने 29 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



1090 चौराहे के समीप पार्क में रानी लक्ष्मी बाई तीरंदाजी चैंपियनशिप से पूर्व तीरंदाजी का पूर्वाभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आज से

**अमृत विचार, लखनऊः** राजधानी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार से रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। राष्ट्रीय स्तर की इस स्पर्धा में देशभर से लगभग 350 महिला तीरंदाज हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में 12 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के लिए मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य करेंगी। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सुहास एलवाई, पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह, पूर्व आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी तथा उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के सचिव अजय गुप्ता सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही स्टेडियम में कुल 50 टारगेट लगाए गए हैं, जिनमें 25 पर रिकर्व और 25 पर कम्पाउंड वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दिन शनिवार को क्वालिफाइंग राउंड आयोजित होंगे।

### जूडो प्रतियोगिता में मेरठ बना विजेता मुरादाबाद उपविजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** समन्वय राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता में मेरठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए और टीम चैंपियन बनने में कामयाब रहे। मुरादाबाद की टीम उपविजेता रही। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा संकुल में किया गया। आयोजन खेल निदेशालय और क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ की देखरेख में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता विनोद कुमार साही ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता, खेल उप निदेशक मुद्रिका पाठक, उत्तर प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष सुधीर हलवासिया तथा सचिव मुनव्वर अंजार मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को धोते हुए छात्र।

### आजाद की प्रतिमा को कराया स्नान

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में चंद्रखेशर आजाद की पुण्यतिथि पर विश्वविद्यालय के छात्रों ने उनकी प्रतिमा को धुलकर स्नान कराया और फूल माला चढ़ाकर नमन किया। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की श्रद्धांजलि या कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। जबकि राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ता विशाल सिंह और प्रिंस प्रकाश, अंकुश, गोपी, अमित, अरसलान और रितेश ने बताया कि आज़ाद की प्रतिमा पर पूरी तरह धूल से ढकी हुई थी। आसपास कहीं भी साफ-सफाई नहीं थी और न ही किसी के द्वारा पुष्प अर्पित किए गए थे। इतना ही नहीं, प्रतिमा के सामने का दरवाज़ा भी बंद पाया गया। जिसके बाद इन छात्रों ने वहां साफ-सफाई करके पुष्प अर्पित किया। छात्रों ने मांग किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन देश के महापुरुषों के सम्मान और उनकी पुण्यतिथि, जयंती पर उचित कार्यक्रम सुनिश्चित करे।




पुरस्कार ग्रहण करने वाली इंटीग्रल विश्वविद्यालय की टीम।

### इंटीग्रल विवि को राज्य उत्कृष्टता पुरस्कार

**अमृत विचार , लखनऊ :** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी को अकादमिक नेतृत्व के लिए राज्य उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित एग्रोटेक 2026-एग्री समिट एवं राज्य उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में लखनऊ में प्रदान किया गया। भारतीय खाद्य एवं कृषि चैंबर (आईसीएफए) द्वारा आयोजित एग्रोटेक 2026 का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक आईसीएआर-आईएसआरआई में हुआ। समिट का विषय उत्तर प्रदेश अनंत अवसरों की धरती था जिसमें नीति निर्माता, उद्योग नेता, शैक्षणिक विशेषज्ञ, कृषि उद्यमी एवं प्रमुख हितधारक का जुटान हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने कहा कि यह सम्मान हम सबके लिए गौरव का क्षण है।




जर्सी का अनावरण करते एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका।

### एलएसजी की नई जर्सी का अनावरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शुक्रवार को अपनी नई आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। इस अवसर पर टीम के मालिक और आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका और ग्रुप के वाइस चेयरमैन शाश्वत गोयनका मौजूद रहे। अनावरण के दौरान टीम प्रबंधन ने जर्सी की विशेषताओं और उसके रंगों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम की नई जर्सी दबाव में धैर्य, निरंतर प्रगति और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन ने कहा कि एलएसजी की चार वर्षों की यात्रा में प्रशंसकों की भूमिका सबसे अहम रही है। उन्होंने टीम और उसकी पहचान के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाया है।



सीएमएस के विद्यार्थी रंगारंग प्रस्तुति देते हुए।

### शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़ें : शुभम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि शुभम सिंह, रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर ने किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में शुभम सिंह ने अभिभावकों व शिक्षकों का आहवान किया कि समाज में सार्थक और स्थायी परिवर्तन हेतु शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़े।

**परिचर्चा** — कामायनी प्रसाद की मनीषा का महानतम प्रसाद है

# जन्मेजय के नागयज्ञ से इतिहास का पुनर्लेखन करते हैं प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विभिन्न प्रकार गद्य और पद्य का प्रयोग किया जयशंकर ने**

**अमृत विचार:** हिंदी साहित्य के साहित्यकारों में जयशंकर प्रसाद आस्था के कवि हैं और युग की नब्ज़ पकड़ने में सिद्धहस्त रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 'महाकवि जयशंकर प्रसाद साहित्य-संस्कृति महोत्सव' में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा कि प्रसाद अनेक विचारधाराओं और विधाओं का अवगाहन करते हैं। प्रसाद के साहित्य में इतिहास भी बोल रहा है, पुराख्यान भी और दर्शन का दिग्दर्शन भी होता है। वे अभिव्यंजना की नई पद्धति खोजते हैं। अपनी रचना प्रेमपथिक में वे एक यूटोपिया रचते हैं आनंदनगर जो कि कामायनी में आनंदलोक हो जाता है।



राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोलते लविवि के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित।

प्रो. दीक्षित ने कहा कि हिन्दी की डेढ़ हज़ार वर्षों की परंपरा में कवि बहुत हुए लेकिन कविमनीषी दो ही हुए गोस्वामी तुलसीदास और जयशंकर प्रसाद। उन्होंने बताया कि प्रसाद अपने नाटकों के माध्यम से भारतीय इतिहास का पुनर्लेखन करते हैं। इसकी शुरुआत जन्मेजय के नागयज्ञ से होती है। उन्होंने एक राष्ट्रीय इतिहास की रचना की। प्रो. दीक्षित ने कहा कि कामायनी प्रसाद जी की मनीषा का महानतम प्रसाद है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की आचार्य प्रो. विद्योत्तमा ने कहा कि प्रीति ही शक्ति का स्रोत है। प्रेम करने वाला ही संयमी होता है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने कहा कि प्रसाद युग की नब्ज़ पकड़ने में सिद्धहस्त थे। उनकी लेखनी यांत्रिक समय में मानवीय भावों को बचाने का कार्य करती है।

**राजनैतिक गुलामी से अधिक खतरनाक सांस्कृतिक दासता:** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रामेश्वर राय ने कहा कि प्रसाद औपनिवेशक काल के रचनाकार हैं। प्रसाद का अध्ययन विऔपनिवेशीकरण के रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रसाद को अच्छे से पता है कि राजनीतिक गुलामी से अधिक वास्तविक सांस्कृतिक गुलामी होती है। प्रसाद का साहित्य इस सांस्कृतिक गुलामी से आज़ादी के लिए प्रयत्न करता है।